केवल मेडिकल व्यवसायियों के लिए

सभी देशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

# PHARMA NEWS

Editor- Brejesh Kumar Garg | Monthly News Paper | www.medicaldarpan.com

B.N. Medical Complex, Bulandshahr (U.P.) Postal Reg. No. BSR 37/2024-2026 RNI UPBIL/2007/27885

Year 18 | Issue 07 | DOP 10 MARCH 2025 | Pages 08 | ₹ 10/- Copy | ✆ 09410434811, medicaldarpan.ctp@gmail.com




## Glenmark Pharmaceuticals recalled the drug from the US market

**Mumbai:** As per the news received Pharma company Glenmark Pharmaceuticals has recalled its drugs from the US market. The company has recalled about 1.5 million bottles of generic medicine used in the treatment of Attention Deficit Hyperactivity Disorder.

The US FDA has given this information.Glenmark Pharmaceuticals USA is recalling about 14.76 lakh (1.47 million) bottles of atomoxetine capsules in multiple strengths. The US Food and Drug Administration (FDA) said in its latest report thatThe pharma has recalled the affected lot due to.This recall has been done due to the presence of N-nitroso atomoxetine impurity in excess of the FDA recommended limit. It was told that New Jersey based Glenmark Pharmaceuticals Inc., USA is recalling the drug made in India in quantities ranging from 10 mg to 100 mg.




## झोलाछाप डॉक्टर ने लगाया इंजेक्शन, मौत

**सिरोही:** गलत इंजेक्शन लगाने से बालिका की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। इसके चलते आरोपी झोलाछाप डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया और क्लीनिक को सीज कर दिया है। सरूपगंज काछोली निवासी नरपत सिंह ने शिकायत में बताया कि उसकी बेटी जाह्नवी (आठ वर्ष) को सर्दी-जुकाम हो गया था। इस पर वह उसे गांव में प्रैक्टिस कर रहे मंसूरअली के पास लेकर गया। जाह्नवी को इंजेक्शन लगाते ही जाह्नवी की तबियत बिगड़ गई। जैसे ही वह खड़ी हुई, उसे उल्टी हो गई। देखते ही देखते जाह्नवी के होंठ काले हो गए और थोड़ी देर में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक बालिका के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। यह मामला सामने आने के बाद सीएमएचओ डॉ. दिनेश खराड़ी ने सभी बीसीएमओ को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध तरीके से प्रैक्टिस कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं।




## ASIA LABEX to take place from March 20 - 22 at Chandigarh

**Mumbai:** As per news received ASIA LABEX, premier platform for the laboratory industry in Asia, and LABOTICA summit that showcases the latest technologies, innovations, and products in the laboratory industry will be taking place from March 20 -22 at Parade Ground, Sector 17, Chandigarh.

The main features of the expo include exhibition, conference, networking, product demonstrations and knowledge sharing. The exhibition features more than 150 exhibitors showcasing more than 5,000 products from industries like pharma, research, food & beverages, dairy and education. More than 5,000 visitors, including industryprofessionals, esearchers, and decision-makers are expected at the expo. The conference includes a comprehensive summit with expert discussions, keynote speeches, and panel discussions on the latest trends and challenges in the laboratory industry. The expo provides networking opportunities to connect with more than 4,000 visitors, including industryprofessionals, esearchers, and decision-makers. Product demonstrations include live demonstrations of latest laboratory equipment, technologies, and innovations.

Moreover the expo provides access to technical workshops, training sessions, and seminars on various laboratory techniques and applications.

## प्राइवेट अस्पताल में सेवाएं देने वाले तीन सरकारी डॉक्टर रडार पर

**संतकबीरनगर (उत्तरप्रदेश):** प्राइवेट अस्पताल में सेवाएं देने वाले तीन सरकारी डॉक्टर रडार पर आ गए हैं। मामला संतकबीरनगर में जिला अस्पताल में तैनात तीन चिकित्सक समेत चार अन्य कर्मियों का है। आरोप है कि ये निजी अस्पताल में भी सेवाएं देते हैं। एलआईयू टीम ने आरोपी कर्मियों पर शहर के विवेकानंद हॉस्पिटल पर प्रैक्टिस करने की रिपोर्ट सौंपी है। पुलिस विभाग की गुप्तचर टीम ने इन कर्मियों के नाम जिला सतर्कता समिति को उपलब्ध करा दिए हैं। टीम अब इन्हें नोटिस देने की तैयारी कर रही है। गौरतलब है कि सरकारी चिकित्सकों के निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने का मामला प्रशासन के संज्ञान में आता रहता है। इस मामले को संज्ञान में लेकर उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि जिले में जिला सतर्कता निगरानी समिति का गठन किया जाय। इसमें डीएम के अलावा सीएमओ व एलआईयू विभाग शामिल रहेगा।












Pharma News March 2025_Layout 2 3/11/2025 9:23 AM Page 2



## मेडिकल बिल पास करने के बदले 10 हजार रिश्वत लेता क्लर्क गिरफ्तार

**बुरहानपुर (मध्य प्रदेश):** मेडिकल बिल पास करने के बदले 10 हजार रिश्वत लेता क्लर्क रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। यह कार्यवाही इंदौर लोकायुक्त ने बुरहानपुर जिला चिकित्सालय में की। टीम ने लिपिक राधेश्याम चौहान को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए उसी के केबिन में रंगे हाथों पकड़ा है। जानकारी अनुसार लिपिक ने जिला अस्पताल में अपने साथी पूर्व सदस्य सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी अशोक पठारे से मेडिकल बिल पास करने के लिए 20 हजार की रिश्वत मांगी थी। इसके बाद मामला 15000 में सेट हो गया। वादे के मुताबिक अशोक पठारे ने 5000 पहले भी दिए थे। इसके बाद अशोक पठारे ने इसकी शिकायत लोकायुक्त टीम इंदौर से की थी। पीड़ित की शिकायत पर इंदौर लोकायुक्त की टीम बुरहानपुर पहुंची और आरोपी को उसी के केबिन में 10 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। लोकायुक्त इंदौर इंस्पेक्टर राहुल गजभिये ने बताया कि लिपिक राधेश्याम चौहान ने सहायक ग्रेड तीन कर्मचारी अशोक पठारे से उसके मेडिकल बिल पास करने के लिए 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसकी शिकायत मिलने पर एसपी ने एक टीम का गठन किया। टीम को तुरंत बुरहानपुर जिला चिकित्सालय रवाना किया गया। आरोपी राधेश्याम चौहान ने जैसे ही फरियादी से अपने केबिन में रिश्वत के पैसे लिए, वैसे ही लोकायुक्त की टीम ने तुरंत आरोपी बाबू को पकड़ लिया। यहां से उसे लेकर बुरहानपुर के सर्किट हाउस में पहुंचे। शिकायतकर्ता अशोक पठारे ने बताया कि वह बुरहानपुर जिला अस्पताल में पदस्थ है। लेकिन निलंबित होने के कारण उन्हें विभाग ने अलीराजपुर में अटैच कर रखा है। मेरे हार्ट का ऑपरेशन होने पर इंदौर चला गया था। इलाज के करीब पौने दो लाख रुपये के बिल थे। इसमें 1.33 लाख के बिल क्लियर हो गए थे। लेकिन बाकी राशि के लिए पहले कहा कि बजट नहीं है।







## पेनकिलर इबूप्रोफेन दवा का इस्तेमाल करने से पहले हो जाएं अलर्ट

**नई दिल्ली:** पेनकिलर इबूप्रोफेन दवा का इस्तेमाल करने से पहले सावधान हो जाएं। नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस)ने इस दवा के इस्तेमाल को लेकर एक चेतावनी जारी की है। यह चेतावनी की जारी: बता दें कि इबूप्रोफेन एक आम दर्द निवारक दवा है और इसका इस्तेमाल दर्द, सूजन और बुखार कम करने के लिए किया जाता है। कुछ लोग इसे सिरदर्द, मांसपेशियों के दर्द, गठिया, और मासिक धर्म के दर्द में भी लेते हैं। लेकिन, इबूप्रोफेन हर किसी के लिए सुरक्षित नहीं है। एनएचएस का कहना है कि इबूप्रोफेन सभी के लिए सुरक्षित नहीं है। खासतौर पर एलर्जी या पहले से मौजूद बीमारियों वाले लोगों को इससे नुकसान हो सकता है। अगर इस दवा को लेने पर कोई असामान्य लक्षण दिखाई दें, तो इसे तुरंत बंद कर दें।

**इबूप्रोफेन के इस्तेमाल में सावधानियां:** **1.** पेट में अल्सर या गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग (पेट से खून आना) वाले लोगों के लिए यह खतरनाक हो सकता है। **2.** हार्ट फेल्योर, लिवर या किडनी की समस्या वाले लोगों को इसे नहीं लेना चाहिए।

**3.** क्रोहन डिजीज या अल्सरेटिव कोलाइटिस वाले लोगों को इससे बचना चाहिए।




## जीएसवीएम में जल्द ही केंद्रीकृत डायग्नोस्टिक सुविधा उपलब्ध होगी

**कानपुर:** प्राप्त समाचार के अनुसार लाला लाजपत राय (एलएलआर) अस्पताल परिसर में आपातकालीन विभाग के सामने गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल (जीएसवीएम) मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में जल्द ही एक केंद्रीकृत डायग्नोस्टिक सुविधा स्थापित की जाएगी। इस डायग्नोस्टिक सुविधा के निर्माण के लिए एलएलआर अस्पताल में मौजूदा शेल्टर को हटाया जाएगा। इस परियोजना को 7.22 करोड़ रुपये के वित्तीय आवंटन के साथ प्राधिकरण भी मिल गया है। वर्तमान में, एलएलआर अस्पताल के मरीजों को एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए अलग-अलग इमारतों में जाना पड़ता है और रक्त विश्लेषण के लिए अपने नमूने पैथोलॉजी विभाग को भेजने पड़ते हैं।

इसके अलावा, उन्हें सरकारी परीक्षण शुल्क का भुगतान करने के लिए एक अलग कमरे में जाना पड़ता है। एलएलआर इमरजेंसी के सामने स्थित नए डायग्नोस्टिक हब के साथ, सभी परीक्षण सेवाएं एक ही स्थान पर समेकित होंगी। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर संजय काला ने बताया कि नियोजित तीन मंजिला डायग्नोस्टिक सेंटर राज्य में अनूठा होगा, जो एक ही छत के नीचे व्यापक परीक्षण सुविधाएं प्रदान करेगा। डॉ. काला ने कहा, यह सुविधा एलएलआर आपातकालीन क्षेत्र के सामने स्थित मौजूदा आश्रय की जगह लेगी। निर्माण प्रक्रिया मौजूदा आश्रय को ध्वस्त करने के साथ शुरू होगी। 7.22 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना की समय सीमा 31 मार्च, 2027 तय की गई है। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने इस विकास के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के साथ एक औपचारिक समझौता किया है। लाला लाजपत राय (एलएलआर) अस्पताल परिसर में आपातकालीन विभाग के सामने गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल (जीएसवीएम) मेडिकल कॉलेज की नई बिल्डिंग में जल्द ही एक केंद्रीकृत डायग्नोस्टिक सुविधा स्थापित की जाएगी।




## दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर (छत्तीसगढ़):** कफ सिरप की तस्करी में दो अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। रायपुर पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित नया बस स्टैण्ड पास कुछ व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली सीरप रखे हुए हैं और कहीं जाने की फिराक में हैं। सूचना के तहत एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। संदेह के आधार पर दो लोगों को पकड़ा।

## मेडिसिन रेट को लेकर दो मेडिकल स्टोर संचालकों में मारपीट

**दिबियापुर (औरैया):** प्राप्त समाचार के अनुसार मेडिसिन रेट को लेकर दो मेडिकल स्टोर संचालकों में मारपीट हो जाने का मामला सामने आया है। बताया गया कि फफूंद चौराहे पर दो मेडिकल स्टोर संचालक आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच दवा के दाम पूछने की बात को लेकर विवाद हुआ। मारपीट में पुलिस ने डॉक्टरी परीक्षण के लिए दोनों को सीएचसी में भेजा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बाबू दयाराम नगर के सभासद श्रीफार्मेसी के संचालक अभय प्रजापति ने बताया कि सुबह वह दुकान पर नहीं थे। दुकान पर एक कर्मचारी था। एक ग्राहक ने दूसरे मेडिकल सेंटर से खरीदी गई दवा के रेट पूछे तो कर्मचारी ने उसे रेट बता दिए। इसके बाद ग्राहक ने जिस मेडिकल स्टोर से दवा ली थी, वह वहां पहुंचा और जानकारी ली। इस पर मेडिकल संचालक उनके कर्मचारी से बहस करने लगा। कर्मचारी ने फोन कर अपने दुकान संचालक को मौके पर बुलाया। इसी बीच उन दोनों में कहासुनी हो गई। अभय ने दूसरे मेडिकल संचालक पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दे दी। उधर, फफूंद चौराहा निवासी दूसरे मेडिकल स्टोर संचालक रवि दुबे ने भी पुलिस में शिकायत दे दी है। शिकायत में अभद्रता कर मारपीट करने का आरोप लगाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों की सीएचसी में चिकित्सीय जांच करवाई। पुलिस के अनुसार दोनों पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है और इसकी जांच की जा रही है।





## जागरूकता से अंगदान को मिलता है बढ़ावा

**लखनऊ:** ब्रेन डेड मरीजों के अंगदान से कई लोगों की जान बच सकती है, लेकिन इस नेक काम को प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता और पारिवारिक परामर्श बहुत जरूरी है। यह बात शनिवार को आरएमएलआईएमएस में एक कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने कही। केजीएमयू के सर्जिकल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो अभिजीत चंद्रा ने कहा कि एक ब्रेन डेड मरीज अंगदान के जरिए आठ लोगों की जान बचा सकता है या सुधार सकता है और ऊतक दान के जरिए कई और लोगों की जिंदगी संवार सकता है। आरएमएलआईएमएस में नेफ्रोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो अभिलाष चंद्रा ने कहा कि प्रदेश में अंगदान की दर बहुत कम है, जबकि किडनी, लिवर और अन्य अंगों की जरूरत वाले कई मरीज जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। आरएमएलआईएमएस के निदेशक प्रोफेसर सीएम सिंह ने कहा कि अंगदान को बढ़ावा देने के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम जरूरी हैं।






"यदि किसी का स्वभाव अच्छा है तो उसे किसी और गुण की क्या जरूरत है? यदि आदमी के पास प्रसिद्धि है तो भला उसे और किसी श्रृंगार की क्या आवश्यकता है?" –चाणक्य







## निजी अस्पतालों में दवा की दुकानों द्वारा मरीजों को ठगे जाने से बचाने के लिए राज्यों द्वारा नीतिगत निर्णय लेने की आवश्यकता: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मरीजों और उनके तीमारदारों को धोखा दिए जाने और अनुचित लाभ उठाने से बचाने के लिए उचित नीतिगत निर्णय लेने का काम राज्यों पर छोड़ दिया। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि मरीजों को निजी अस्पतालों में संचालित फार्मेसियों से अधिक कीमत पर दवाइयां और चिकित्सा उपकरण खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। शीर्ष अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया कि उसके द्वारा दिया गया कोई भी अनिवार्य निर्देश निजी अस्पतालों के कामकाज में बाधा उत्पन्न कर सकता है और इसका व्यापक प्रभाव हो सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने विधि छात्र सिद्धार्थ डालमिया और उनके अधिवक्ता पिता विजय पाल डालमिया द्वारा दायर जनहित याचिका का निपटारा किया। इस जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि निजी अस्पताल मरीजों और उनके तीमारदारों को इन–हाउस फार्मेसियों या उन फार्मेसियों से दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर करते हैं जिनके साथ उनका सहयोग है और उनसे दवाओं, प्रत्यारोपण और चिकित्सा उपकरणों के लिए अधिक कीमत वसूली जाती है। पीठ ने कहा, हम इस याचिका का निपटारा करते हुए सभी राज्य सरकारों को निर्देश देते हैं कि वे इस मुद्दे पर विचार करें और उचित नीतिगत निर्णय लें, जैसा वे उचित समझें। पीठ ने कहा कि स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें अपनी स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रासंगिक विनियामक उपाय कर सकती हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि यह मुद्दा नीति के दायरे में आता है, नीति निर्माताओं को इस मामले पर समग्र दृष्टिकोण रखना चाहिए और उचित दिशा–निर्देश तैयार करने चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मरीजों और उनके तीमारदारों का शोषण न हो और साथ ही, निजी संस्थाओं को स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रवेश करने से हतोत्साहित न किया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि निजी अस्पतालों को जनहित याचिका पर कोई अनिवार्य निर्देश जारी करना उचित नहीं होगा, लेकिन निजी अस्पतालों द्वारा मरीजों और उनके तीमारदारों की स्थिति का अनुचित लाभ उठाकर उनका शोषण करने की कथित समस्या के बारे में राज्य सरकारों को संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।




## Government should decide on the price of medicines in private hospitals: SC

**New Delhi.** The government should take a decision on the price of medicines in private hospitals. This instruction was given by the Supreme Court on a petition regarding the high prices of medicines and medical equipment in shops located in private hospitals. The court left the task of taking appropriate policy decisions to the government. It is worth noting that in a PIL, it was alleged that patients are forced to buy medicines and medical equipment at high prices from the shops opened in private hospitals. The court said that any direction given by it would create obstacles in the functioning of private hospitals and it could have a wide impact. A bench of Justice Suryakant and Justice N Kotishwar Singh disposed of the PIL filed by law student Siddharth Dalmia and his lawyer father Vijay Pal Dalmia. The petition alleged that private hospitals force patients and their attendants to buy medicines from the medicine shops located in the campus or the medicine shops associated with them. At the same time, high prices are charged from them for medicines and medical equipment.




## सेनोरेस फार्मा ने डॉ रेड्डीज से 14 एएनडीए हासिल किए

**अहमदाबाद:** सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स ने डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज और इसके लागू सहयोगियों से 14 संक्षिप्त नई दवा आवेदनों (एएनडीए) की एक टोकरी हासिल की है। अधिग्रहित टोकरी में 13 एएनडीए शामिल हैं, जिन्हें यूएसएफडीए द्वारा अनुमोदित किया गया है और शेष एक दवा नियामक से अनुमोदन के लिए लंबित है। अधिग्रहण को एसपीएल द्वारा जुटाई गई प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) आय के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा। यह रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस में बताए गए आईपीओ के उद्देश्यों के अनुरूप है। अधिग्रहण पर टिप्पणी करते हुए, सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक स्वप्निल शाह ने कहा: हमें डॉ. रेड्डीज से उत्पादों की एक टोकरी के अधिग्रहण की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह बढ़ती खपत के साथ विभिन्न चिकित्सीय क्षेत्रों में फैला हुआ है।




## रुड़की केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न



दिनांक 9 मार्च को रुड़की के कन्हैया बैंकट हॉल में रुड़की केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी का चुनाव पर्यवेक्षक अजय गर्ग एवं हरिद्वार के महामंत्री अनिल अरोड़ा जी की देखरेख में संपन्न हुआ. इस अवसर पर जिला हरिद्वार की कार्यकारिणी के पदाधिकारी श्री संजय गोयल जी भी उपस्थित रहे. इस चुनाव में संदीप शर्मा एक बार फिर अध्यक्ष पद पर, श्री अवनीश शर्मा जी एक बार फिर महामंत्री पद पर, श्री शुभम गोयल जी उपाध्यक्ष पद पर और श्री अनुज शर्मा जी संगठन मंत्री पद पर विजयी रहे, इस चुनाव में श्री गौरव कुमार आजाद को कोषाध्यक्ष पद पर पहले ही निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया था.

चुनाव अधिकारी श्री संजीव आहूजा जी ने चुनाव परिणाम से अवगत कराया और निर्वाचित पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी. मेडिकल दर्पण मीडिया हाउस की तरफ से नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को अनंत मंगल शुभकामनाएं.

अभय सिंघल मो. 9319980483



Pharma News March 2025_Layout 2 3/11/2025 9:23 AM Page 4






## क्षणिकाएं


1. साधारण,
रह पाओ।
असाधारण,
कर जाओ।
2. मोबाइल को,
अवश्य अपनाओ।
पर उसको कतई,
लत ना बनाओ।
3. असम्भव,
सोच पाओ।
सम्भव,
कर दिखाओ।
4. एक पेड़,
को काटा।
अपना एक,
अंग काटा।
5. इनका सत्य,
उन की मिथ्या।
उन का सत्य,
इनकी मिथ्या।
6. आज का रोगी,
स्वयं ही समझाए।
डॉक्टर चुपचाप,
पर्चा बनाए।

डॉ. नरेन्द्र नाथ लाहा.
ग्वालियर (म०प्र०)
मो०: 9826611169

## इस माह ओटीसी दवाओं की सूची हो सकती है जारी

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार भारत को इस महीने ऐसी दवाओं की सूची मिलने की संभावना है जो डॉक्टर के पर्चे वाली दवा से ओवर द काउंटर (ओटीसी) बन जाएंगी। ओटीसी उप-समिति के अध्यक्ष डॉ. अनुपम प्रकाश ने ईटी को बताया कि इस पर विचार करने के लिए गठित उप समिति जल्द ही रिपोर्ट सौंप सकती है। ओटीसी दवाओं की सूची सामान्य दुकानों में भी उपलब्ध होगी। डॉ. अनुपम प्रकाश ने दवाओं के नाम बताए बिना कहा, समिति सक्रिय रूप से काम कर रही है और हम जल्द ही इसे अंतिम रूप देंगे। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोगों के स्वास्थ्य से समझौता न हो और इसलिए केवल कुछ दवाएं जो आम तौर पर इस्तेमाल की जाती हैं, ओटीसी की श्रेणी में आ सकती हैं। उन्होंने कहा, हमें उत्पादों की नहीं, बल्कि आम जनता की चिंता है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट लगभग पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसे भारत की दवाओं पर सर्वोच्च संस्था ड्रग्स टेक्निकल अथॉरिटी बोर्ड (DTAB) को सौंप दिया जाएगा।

भारत के दवा नियामक को पहले कई कंपनियों से प्रतिनिधित्व मिला था, जिसमें आग्रह किया गया था कि कुछ खास फॉर्मूलेशन को OTC के रूप में बेचने की अनुमति दी जाए। चेयरमैन ने कहा कि समिति ने OTC उत्पादों से संबंधित मुद्दों को सुलझाने के लिए विभिन्न लॉबी समूहों, गैर सरकारी संगठनों और दवा कंपनियों के साथ बैठकें की हैं। अमेरिका, ब्रिटेन या चीन जैसे अन्य देशों के विपरीत, भारत में OTC दवाओं के वितरण, विपणन और खपत का समर्थन और विनियमन करने के लिए कोई नीतिगत ढांचा नहीं है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि खांसी और जुकाम के लिए आम तौर पर इस्तेमाल की जाने वाली दवाएँ और गर्भनिरोधक काउंटर पर बेचे जाते हैं। न तो औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और न ही औषधि और प्रसाधन सामग्री नियम, 1945 (D&C) OTC दवाओं को परिभाषित करता है।




## नापतौल, परीक्षण, नियंत्रण और मानकों की सम्पूर्ण जानकारी

पहले नाप-तोल की इकाई के संबंध में कई प्रणालियां प्रचलन में थीं, भारत सरकार ने सरलता व एक रूपता के लिए सन् 1958 में मैट्रिक प्रणाली लागू की थी। जिसके अंतर्गत उदाहरणतः- वजन की इकाई, किला. ग्राम, क्षमता माप की इकाई लीटर व लम्बाई की इकाई मीटर आदि लागू की गई। अब पाव, सेर, औंस, पौण्ड, तोला, माशा, गज आदि अवैध प्रणाली है। अब बाजार में 250 ग्राम का सिंगल बाट अथवा 250 मिली का सिंगल दूध माप उपलब्ध नहीं है। अतः उपभोक्ता ध्यान रखे कि पाव के स्थान पर 200 ग्राम अथवा 200 मिली की मात्रा की वस्तु व्यापारी द्वारा तो नहीं बेची जा रही है। प्रत्येक बाट-माप का प्रतिवर्ष विभाग द्वारा सत्यापन कर मोहर लगाई जाती है।



डा प्रणय तिवारी

**उदाहरणार्थ** बाट पर मोहर का विवरण बाट के पीछे दर्शाए अनुसार होता है। अतः खरीददारी करते समय ध्यान दें कि कई बार बाट के पीछे से सीसा निकाल दिया जाता है। जिससे वजन कम हो जाता है। यह देखें कि तराजू के केन्द्र की सुई (काँटा) दोनों ओर बिना अवरोध के चल रहा है या नहीं। सुई तराजू के केन्द्र में बिना किसी अवरोध के घूमनी चाहिए। लकड़ी की डंडी वाली तराजू अवैध है। इस तराजू को हाथ से दबा कर धोखा किया जा सकता है।

आटा चक्की पर अनाज पीसते समय तोल कर अनाज दें तथा वापस आटा तोल कर लें और यह देखें कि पलड़े फर्श से उचित दूरी पर है या नहीं तथा पलड़ो के हुक में नकली हुक या खांचे किए हुए तो नहीं तथा देखें कि पलड़ों के नीचे कहीं चुम्बक तो नहीं लगा है। वस्तु के वजन में पैकिंग मैटेरियल का वजन शामिल नहीं होना चाहिए। इसके लिए कृपया ध्यान रखें कि काउंटर मशीन पर मिठाई तुलवाते समय खाली डिब्बे बाट वाले पलड़े में रखवाएं तथा इलेक्ट्रॉनिक बैलेन्स पर तुलवाते समय खाली डिब्बे का वजन पहले करा लें व उसे मिठाई के साथ जुड़वा लें।

**पेट्रोल पम्प कुकिंग गैस:** कुकिंग गैस घरेलू सिलैण्डर खरीदते वजन चैक कर लें। इसके लिए डिलीवरी मैन से तौलने का उपकरण, जो निरीक्षक, विधिक माप विज्ञान द्वारा सत्यापित हो, को मांग कर तुलवा कर संतुष्टि कर लें, आस-पास उपलब्ध कांटे पर तुलवा सकते हैं। बेहतर होगा कि अपने घर पर भी एक छोटा स्प्रिंग बैलेंस रखे। गैस का शुद्ध वजन 14.2 किलोग्राम होता है तथा खाली सिलैण्डर का वजन (टेयरवेट) प्रत्येक सिलैण्डर पर अंकित होता है। इस तरल गैस का शुद्ध वजन व सिलैण्डर का टेयरवट दोनों जुड़ कर सिलैण्डर का कुल वजन के बराबर होना चाहिए।

पेट्रोल पम्प पर एक मापने का यंत्र होता है। जिसका विभाग द्वारा वार्षिक कैलिब्रेशन किया जाता है। पेट्रोल/डीजल वितरण हेतु वर्तमान में मैकेनिकल व इलेक्ट्रॉनिक मशीनें लगी हुई है। इन मशीनों से पेट्रोल लेते समय रीडिंग को शून्य कराये। लूज ऑइल लेते समय जल्दबाजी में ऑइल टंकी में न डलवाएं। ऑइल को माप में रखवा कर पेट्रोल डलवाएं ताकि ऑइल की पूर्ण मात्रा प्राप्त हो सके।

कपड़ा खरीदते समय सत्यापित मीटर से ही कपड़ा नाप कर खरीदें। कभी-कभी कुछ निर्माताओं द्वारा कपड़े के थान में 98 सेमी को ही मीटर मानकर बिना नाप के विक्रय किए जाने की संभावना हो सकती है। अतः इस प्रथा का बहिष्कार करें। फल खरीदते समय ध्यान दें कि काउंटर मशीन समतल आधार पर रखा हो तथा वस्तु पलड़े की तरफ कहीं चुम्बक तो नहीं लगा है। फल विक्रेता यदि झटके के साथ तोलता है तो उसे टोकें व तसल्ली से तुलवाना चाहिए। साथ में देखें बाट के छेद से सीसा तो नहीं निकाला हुआ है। काउंटर मशीन की धुरी नाईफ पर ही होनी चाहिए। संशय की स्थिति में बाट के स्थान पर सामान को बदलवा कर तौल कर सकतें हैं। केरोसीन या दूध खरीदते समय यह देखें कि केरोसीन माप या दूध माप का पेंदा नीचे से अंदर की तरफ दबाया हुआ तो नहीं है तथा देखें कि द्रव के साथ झाग तो नहीं भर दिए हैं।

## वीनस रेमेडीज को फिलीपींस में सुगमाडेक्स के विपणन की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली:** वीनस रेमेडीज ने कहा कि उसे फिलीपींस के अधिकारियों से न्यूरोमस्कुलर ब्लॉकेड को उलटने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा के लिए विपणन प्राधिकरण प्राप्त हुआ है। कंपनी को सुगमाडेक्स के लिए अपना पहला वैश्विक विपणन प्राधिकरण प्राप्त हुआ है और यह अनुमोदन कंपनी के जटिल जेनेरिक में विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिससे आसियान बाजार में इसकी पैठ बढ़ रही है, वीनस रेमेडीज ने एक बयान में कहा। सुगमाडेक्स एक चयनात्मक रिलैक्सेंट-बाइंडिंग एजेंट (SRBA) है जिसका उपयोग एनेस्थीसिया में आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले दो मांसपेशी रिलैक्सेंट रोकुरोनियम और वेकुरोनियम द्वारा प्रेरित न्यूरोमस्कुलर ब्लॉकेड को तेजी से उलटने के लिए किया जाता है। पारंपरिक एजेंटों के विपरीत, सुगमाडेक्स इन दवाओं को सीधे समाहित और निष्क्रिय करता है, जिससे एनेस्थीसिया से तेज, सुरक्षित और अधिक पूर्वानुमानित रिकवरी मिलती है, जिससे ऑपरेशन के बाद श्वसन संबंधी जटिलताओं का जोखिम कम होता है। वैश्विक सुगमाडेक्स बाजार, जिसका मूल्य 2023 में लगभग 1.53 बिलियन अमरीकी डॉलर है, के 8.5 प्रतिशत की सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है, जो 2031 तक 2.89 बिलियन अमरीकी डॉलर तक पहुंच जाएगा। वीनस रेमेडीज के अध्यक्ष ग्लोबल क्रिटिकल केयर ने कहा, फिलीपींस में उन्नत सर्जिकल देखभाल और उच्च-विकास वाले चिकित्सीय खंडों की मांग बढ़ रही है, जो इस अनुमोदन को विशेष रूप से प्रासंगिक बनाता है।

## महामण्डलेश्वर पद पर सुशोभित



45 वें अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन 16 फरवरी 2025 महाकुंभ प्रयागराज में डॉ० जहान्वी जी द्वारा आयोजित किया गया। तक्षक पीठाधीश्वर महाराज जी, महामंडलेश्वर डॉक्टर बालयोगी अलखनाथ जी महाराज अवधूत, सिद्ध मठ योग अखाड़ा, गुरुग्राम ने अंतरराष्ट्रीय सद्गृहस्थ अखाड़ा में प्रथम मातृशक्ति डॉ मीनाक्षी शर्मा जी महाराज को महामंडलेश्वर की उपाधि से सम्मानित किया तथा पाशुपतास्त्र एवं सम्मान पत्र से विभूषित किया।

– महामण्डलेश्वर डॉ० सुरेन्द्र कुमार शर्मा, मो० 9711034710.

## आदित्यनाथ ने आम लोगों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जन औषधि पहल की सराहना की

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन औषधि पहल की सराहना करते हुए इसे स्वस्थ भारत, समर्थ भारत के संकल्प को और मजबूत करने वाला बताया। उन्होंने 7 मार्च को मनाए जाने वाले जन औषधि दिवस पर जेनेरिक दवाओं के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा पहल की सराहना करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लिया। सीएम ने कहा, जन औषधि दिवस की परिवर्तनकारी पहल पर राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं, जिसका उद्देश्य जनता को सस्ती, उच्च गुणवत्ता वाली और सुलभ दवाएं उपलब्ध कराना है! आदित्यनाथ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों की स्थापना स्वस्थ भारत, समर्थ भारत के संकल्प को और मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, ये केंद्र जीवन रक्षक और अन्य आवश्यक दवाइयाँ बाजार दरों से कम कीमत पर उपलब्ध कराते हैं, जिससे आम लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा सुनिश्चित होती है और साथ ही उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त भी बनाया जाता है। हर साल 7 मार्च को इस योजना के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए जन औषधि दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## ब्रांडेड के नाम पर नकली दवाइयां व कॉस्मेटिक का जखीरा बरामद

**भदोही (उत्तर प्रदेश):** ब्रांडेड के नाम पर नकली दवाइयां व कॉस्मेटिक का जखीरा बरामद हुआ है। यह कार्रवाई भक्तापुर चौरी मार्ग स्थित एक दुकान पर पुलिस टीम के साथ महाराष्ट्र की ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विस की टीम ने रेड के दौरान की। दिल्ली की ब्रांड प्रोटेक्शन सर्विस की टीम को सूचना मिली कि जिले में नकली दवाइयां और कॉस्मेटिक बनाने व बेचने का काम चल रहा है। इसके चलते टीम ने जानकारी ली तो पता चला कि भगतापुर गांव की कॉस्टमेटिक की दुकान में नकली सामानों का रैपर इत्यादि तैयार कर उसे बेचा जा रहा है। इसके बाद पुलिस टीम के साथ जांच टीम ने दुकान पर दबिश दी। टीम ने दुकान के मालिक विकास कुमार निवासी भगतापुर के खिलाफ शिकायत दी। जांच टीम ने मौके से 3126 पीस फेफीक्विप बॉक्स, 1270 पीस फेवीकोट टेबलेट, फेफीक्विप बॉक्स रैपर 650 पीस बरामद किए। इनके अलावा भरा हुआ 1960 पीस हैंस रिमॉल्ड ग्रीन और खाली ब्लॉक्स 2780 पीस, झंडू बॉम 4634 पीस, खाली बोतल 2900 पीस के साथ बड़ी मात्रा में नकली दवाओं की रैपर और कॉस्टेमिक आइटम बरामद किए गए।

## WHO announces new collaborating centre on artificial intelligence for health governance

**Geneva:** The World Health Organization (WHO) designated the Digital Ethics Centre at Delft University of Technology in the Netherlands as a WHO Collaborating Centre on artificial intelligence (AI) for health governance.

AI has the potential to re-shape health care, save lives and improve health and well-being. However, harnessing its benefits for good requires collaboration from stakeholders committed to robust governance, ethical safeguards, and evidence-based policies. The WHO Collaborating Centre designation recognizes the Digital Ethics Centre at Delft University of Technology's decades-long history of cutting-edge research on responsible innovation, and its leadership in incorporating ethical values into design requirements for digital technologies. This inauguration marks the continuation of a strong partnership between the Digital Ethics Centre and WHO with the two entities jointly organizing international consultations, workshops, and the development of normative guidance and training in the past. WHO is committed to helping Member States plan, govern, and adopt responsible AI technologies," said Dr Alain Labrique, director of Digital Health and Innovation at WHO. "We are witnessing remarkable progress, with AI poised to transform health systems and support individuals on their health journeys. To ensure these benefits reach everyone ethically, safely, and equitably, we rely on strong technical and academic partnerships that guide us in this rapidly evolving field.

The Collaborating Centre on AI for health governance will be instrumental in WHO's efforts to ensure the ethical and responsible use of AI for health by advancing research on priority topics and providing expert input for WHO's guidance development and policy-making. The Centre will serve as a hub for education and advocacy for science-driven research and facilitate knowledge-sharing and training through regional and country-level workshops. The fruit of two decades of research in digital ethics and responsible innovation, the Delft Digital Ethics Centre is one of the frontrunners in operationalizing ethical values into design requirements for digital technologies such as artificial intelligence," Professor Jeroen van den Hoven, scientific director at Delft Digital Ethics Centre noted.

The Responsible and Ethical AI for Healthcare Lab, a collaboration between Delft University of Technology and its partners, will provide valuable insight into the challenges involved in the successful implementation of WHO guidance in clinical practice. "The designation of the Digital Ethics Centre at Delft University of Technology as a WHO Collaborating Centre strengthens our collective ability to ensure AI serves public health equitably and responsibly.



Pharma News March 2025_Layout 2 3/11/2025 9:23 AM Page 5









## Asia Pharma Expo boosts Bangladesh pharma industry

Mumbai: The 16th edition of Asia Pharma Expo (APE) 2025 successfully concluded at the Bangladesh-China Friendship Exhibition Centre, Purbachal, Dhaka, reinforcing its position as one of South Asia's premier exhibitions for the pharmaceutical manufacturing industry. The event catalyzed business expansion, innovation, and international collaborations, marking 23 years of driving pharmaceutical excellence.

Jointly organized by the Bangladesh Association of Pharmaceutical Industries (BAPI) & GPE EXPO PVT LTD, the event was supported by: Ministry of Health & Family Welfare, Export Promotion Bureau, Engineering Export Promotion Council of India (EEPC), Pharmaceuticals Export Promotion Council of India (Pharmexcil) and the Official TV Media Partner: Channel-I. This year's edition witnessed a remarkable turnout, with more than 750 exhibiting companies from more than 32 countries, showcasing cutting-edge pharmaceutical technology.




## सीडीएससीओ ने सीआरओ के लिए ऑनलाइन पंजीकरण

**नई दिल्ली:** अगले महीने की शुरुआत से क्लिनिकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (सीआरओ) का पंजीकरण अनिवार्य किए जाने के साथ ही, केंद्रीय औषधि नियामक ने सुगम पोर्टल के माध्यम से कंपनियों के ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा की व्यवस्था की है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने घोषणा की है कि सीआरओ के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अब कार्यात्मक है, और पंजीकरण के लिए आवेदन सुगम पोर्टल के माध्यम से इस उद्देश्य के लिए निर्धारित दस्तावेजों की सूची के साथ प्रस्तुत किए जाएंगे। नए उपयोगकर्ता पोर्टल पर जाकर साइन-अप कर सकते हैं और पंजीकरण उद्देश्यों को क्लिनिकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के रूप में चुन सकते हैं, जिसके बाद उन्हें पंजीकरण फॉर्म भरना होगा। सीआरओ के ऑनलाइन पंजीकरण के लिए औषधि नियामक की उपयोगकर्ता पुस्तिका में कहा गया है कि आगे के संचार साझा की है। यह ध्यान देने योग्य है कि स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने सितंबर, 2024 में अंतिम अधिसूचना जारी की है, जिसमें नैदानिक अनुसंधान संगठनों को परिभाषित किया गया है और संगठनों के लिए नए औषधि और नैदानिक परीक्षण नियम, 2019 के तहत संचालन के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। संशोधित नियम 1 अप्रैल, 2025 से लागू होंगे। 19 सितंबर को अधिसूचित नए औषधि और नैदानिक परीक्षण (संशोधन) नियम, 2024, CRO को प्रायोजक या निकाय, वाणिज्यिक या शैक्षणिक या अन्य श्रेणी के रूप में परिभाषित करता है, जिसका स्वामित्व किसी व्यक्ति या संगठन के पास हो, जिसे किसी भी नाम से कानूनी इकाई का दर्जा प्राप्त हो, जिसे प्रायोजक लिखित रूप में नैदानिक परीक्षण या जैवउपलब्धता या जैवसमतुल्यता अध्ययन से संबंधित कुछ या सभी कार्यों, कर्तव्यों या दायित्वों को सौंप या हस्तांतरित




के लिए ईमेल आईडी सत्यापित की जाएगी और फिर सीडीएससीओ में सक्षम प्राधिकारी खाता अनुरोध की समीक्षा करेगा और तदनुसार अनुमोदन प्रदान करेगा। सीडीएससीओ द्वारा खाता स्वीकृत होने के बाद, आवेदक पोर्टल में लॉग इन कर सकते हैं। सुगम पोर्टल पर मौजूदा उपयोगकर्ता उपयोगकर्ता प्रोफाइल से अतिरिक्त भूमिका के लिए अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदक क्लिनिकल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के रूप में भूमिका का चयन कर सकते हैं और पूर्ण उपयोगकर्ता प्रोफाइल के साथ फॉर्म भर सकते हैं। CDSCO ने प्रक्रिया के हिस्से के रूप में CRO के लिए पंजीकरण और नवीनीकरण शुल्क के ऑनलाइन भुगतान के लिए एक विस्तृत उपयोगकर्ता पुस्तिका भी कर सकता है। सीआरओ पर एनडीसीटीआर में एक नया अध्याय वीए जोड़ते हुए, यह निर्धारित किया गया है कि कोई भी नैदानिक अनुसंधान संगठन इन नियमों के तहत केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण (सीएलए) द्वारा दिए गए पंजीकरण के बिना मानव विषयों में नई दवा या जांच नई दवा का कोई नैदानिक परीक्षण या जैवउपलब्धता या जैवतुल्यता अध्ययन नहीं करेगा। सीआरओ देश में संचालन के लिए नई अधिसूचना के माध्यम से एनडीसीटीआर में जोड़े गए नौवें अनुसूची के अनुसार, ऐसे अध्ययनों के संचालन के लिए पंजीकरण के लिए सीएलए के साथ आवेदन करेंगे, जिसमें 5 लाख रुपये का शुल्क, दस्तावेज और अन्य आवश्यक जानकारी शामिल है।

## नशीली दवा की लत 'अर्ध महामारी' : बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** प्राप्त समाचार के अनुसार नशीली दवा की लत को बॉम्बे हाईकोर्ट ने 'अर्ध महामारी' करार दिया है। कोर्ट ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी एक गंभीर अपराध है। अधिकारियों को ऐसे लोगों को गिरफ्तार करते समय कानूनी प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन करना चाहिए। न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव ने कहा कि ड्रग तस्करों से सख्ती से निपटा जाना चाहिए, लेकिन यह व्यक्तिगत स्वतंत्रता की कीमत पर न हो। न्यायालय ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत औषधीय दवाओं के कथित कब्जे के लिए 2023 में गिरफ्तार किए गए चार मेडिकल प्रतिनिधियों को जमानत देते हुए ये टिप्पणियां कीं। आरोपियों ने अपने आवास की तलाशी में प्रक्रियागत अनियमितताओं का हवाला देते हुए अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी। अदालत ने कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि किसी आरोपी की स्वतंत्रता बहुत कीमती अधिकार है। इसे कमजोर/मनमाने तरीके से प्रक्रिया के आधार पर नहीं छीना जा सकता। अदालत ने कहा कि नशीली दवाओं की तस्करी एक गंभीर अपराध है और नशीली दवाओं के तस्करों का खतरा पूरी दुनिया में व्याप्त है। नशीली दवाओं/मनोरोगी लत को एक अर्ध-महामारी के रूप में वर्णित करना गलत नहीं होगा। चारों आरोपियों ने दावा किया कि वे दवा कंपनियों के साथ मेडिकल प्रतिनिधि के रूप में काम करते थे।

## विप्रो ने 'एआई सक्षम' अल्ट्रासाउंड प्रणाली लॉन्च की

**बेंगलुरू:** विप्रो जीई हेल्थकेयर ने एआई-सक्षम अल्ट्रासाउंड प्रणाली, वर्सांना प्रीमियर आर3 लॉन्च की है। कंपनी ने दावा किया है कि इससे क्लिनिकल दक्षता, सटीकता और कार्यप्रवाह स्वचालन में वृद्धि होगी। बताया गया कि पीएलआई फैक्ट्री में निर्मित वर्सांना प्रीमियर आर3 असाधारण छवि स्पष्टता, एआई-संचालित स्वचालन और सटीक निदान के लिए 23 जांचों के साथ संगतता प्रदान करेगा। कंपनी के प्रबंध निदेशक चौतन्य सरवटे ने कहा कि विप्रो जीई हेल्थकेयर में हम एआई में प्रगति करना जारी रखते हैं।

**PRODUCT LIST:** **LEVORIDE-25 TABLET,** Levosulpiride 25mg, ALU-ALU, **LEXMOX-400 TABLET,** Moxifloxacin 400mg Film Coated, ALU-ALU, **LEXMOX EYE-EAR DROP ,** Moxifloxacin 0.5 % w/v, OUTER, **LEXMOX-D EYE-EAR DROP,** Moxifloxacin 5mg % w/v + Dexamethasone Sodium1.0 % + BKC 0.05mg, OUTER, **LEXNIM-P TABLET,** Nimesulide 100 mg+ PCM 325 mg, BLISTER, **LEXNIM-SP TABLET ,** Nimesulide 100mg + Serratiopeptidase 15mg + PCM 325mg, ALU-ALU, **LEXPERA DROP ,** PCM IP 100mg/ ml (With Dropper), OUTER, **LEXPERA-650 DT TABLET ,** PCM IP 650mg, BLISTER, **LEXPERA-M SUSP** ,Mefenamic acid 100mg + PCM 250mg/5ml Orange Flavour, OUTER, **LEXPERA-250 SUSP,** PCM 250mg Orange Flavour, PET BOTTLE, **MAXSEPT MOUTH WASH,** Chlorhexidine 2%,DOSSIER BOTTLE, **ORTLEX FORTE TABLET ,** L-Arginine 500mg (SR Form) + Chondroitin Sulphate Sodium 200mg + Collagen Peptides Type I 40mg + Sodium Hyaluronate 30mg + Vit C 12.5mg, ALU-ALU, **ORTLEX -AV TABLET ,** Collagen Peptide Type II 40mg + Unsaponifiable Avocado Soybean 300mg + Chondroitin 200mg + Tocotrienols 60mg Film Coated, ALU-ALU, **ORTLEX- GT TABLET,** Calcium Citrate 600mg + Chondroitin Sulphate Sodium 600 mg + Tocotrienols 60mg + VitK2-7 50mg + Vit.30 Mg + Undenatured Type2 Collagen Peptides 40mg + Magnesium 30mg + Cholecalciferol 800IU + Glucosamine Sulphate 750mg + Zinc Oxide 75mg, ALU-ALU, **ORTLEX-RT TABLET,** Rosehip Ext 250mg + Collagen Peptide 150mg + Sodium Hyaluronate 30mg + Vitamin C 33.30mg + Tocotrienols-60mg, ALU-ALU, **PACZYME SYRUP ,** Fungal Diastase (1:800) 50 mg+ Papain 30 mg SUGAR FREE, OUTER, **POVIBETA - MOUTH GARGLE ,** Povidone Iodine 2% w/v (Mint Flavour), PET BOTTLE, **ALOEBEAM - E - LOTION,** Aloe Ext 10.00% w/v + Vit E 0.50% w/v + Liquid Paraffin 10.00% w/v + Propylene Glycol 1.20% w/v + Glycerine 1.00% w/v + Honey 0.50% w/v + Tea Tree Oil 0.10% w/v + Allantoin 0.80% w/v + Olive Oil 0.20% w/v + Chalmogra Oil 0.50% w/v + Emulsifying Wax 2.50% w/v , PET Bottle + Outer, **ALOEBEAM SOAP ,** Tea Tree Oil + Aloe Vera Extract + Glycerine,Inner Pouch+Mono Carton, **COSTIQORT - S - LOTION ,** Clobetasol Propionate 0.05 % w/v + Salicylic Acid 3 % w/v, Nozzle Cap Bottle, **COSTIQORT - S - OINTMENT ,** Clobetasol Propionate 0.05% w/w + Salicylic acid 6.5% w/w, Lami Tube


**-Sudhir Life Sciences (P) Ltd. Jabalpur. 9424417000, 7400717000, 8871307000.**

## सी-सेक्शन के बाद पांच महिलाएं हुई बेहोश; एनेस्थीसिया दवा के रिएक्शन का संदेह

**रीवा:** प्राप्त समाचार के अनुसार मध्य प्रदेश के रीवा में एक सरकारी अस्पताल में सी-सेक्शन के जरिए बच्चों को जन्म देने के बाद 20-25 आयु वर्ग की पांच महिलाएं बेहोशी की हालत में चली गईं, एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया। उन्होंने बताया कि श्याम शाह सरकारी मेडिकल कॉलेज से जुड़े सरकारी गांधी मेमोरियल अस्पताल में ये घटनाएँ सामने आईं। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को बताया, सी-सेक्शन के जरिए प्रसव के बाद महिलाएं बेहोशी की हालत में चली गईं, लेकिन हम उन्हें प्री-कोमा या कोमा में जाने से बचाने में कामयाब रहे।

